गुजरात को डीजल की आपूर्ति

2178. **श्री राजूभाई ए० परमार** : क्या **पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या अक्तूबर, 1990 से गुजरात राज्य के डीजल के कोटे में कटौती की गई है;

(ख) यदि हां, तो कोटे में कितनी कटौती की गई और कोटे में कटौती करने का क्या कारण है; और

(ग) विगत तीन वर्षों में राज्य की डीजल की मांग कितनी रही है और मांग को किस सीमा तक पूरा किया गया है ?

पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द) : (क) से (ग) डीजल की सप्लाई हेतु किसी राज्य के लिए कोई कोटा निर्धारित नहीं है और इसलिए गुजरात राज्य के लिए सप्लाई में कटौती करने का प्रश्न नहीं उठता ।

Study regarding weighing of LPG Cylinders

@2179. DR. SANJAYA SINH : Will the Minister of PERTOLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state :

(a) whether it is a fact that in a recent study conducted by the Department of Public Grievances has inter-alia recommended that the delivery boy taking an LPG cylinder to consumers must carry a weighing scale to satisfy the consumer that he is not being given an under-weight cylinder as per the newsitem entitled "preckeck of LPG" which appeared in the Hindustan Times dated 21st June, 1992 ;

(b) if so, the details there of ; and

(c) what steps Government propose to take in the matter ?

THE MINISTER OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI B. SHANKARANAND) : (a) to (c) Yes, Sir. This experiment was tried out by the Oil Industry in the past and has not proved successful.

सांसदों से प्राप्त शिकायतें

2180. **श्री म. श्वर सिंह** : क्या **पैट्रोलियम और प्रा० क गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मंत्रालय को सांसदों की ओर से ऐसी शिकायतें प्राप्त हुई हैं कि वर्ष 1991-92 में सांसदों के लिये निर्धारित कोटे से प्राथमिकता के आधार पर अनुशासित और मंत्रालय द्वारा अनुमोदित पी० जी० गैस कनेक्शन अभी तक उपभोक्ताओं को उपलब्ध नहीं हो सके हैं;

(ख) यदि हां, तो उन सांसदों के नाम क्या हैं जिनकी ओर से ऐसी शिकायतें प्राप्त हुई हैं और प्रत्येक सांसद से प्राप्त शिकायत का स्वरूप क्या है तथा शिकायतों की संख्या कितनी है; और

(ग) इस संबंध में ब्यौरा क्या है तथा मंत्री महोदय द्वारा पत्रों का उत्तर नहीं दिये जाने के क्या कारण हैं ?

पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द) : (क) से (ग) जी, हां। इस संबंध में कुछ सांसद सदस्यों ने शिकायत की है। चूंकि एल० पी० जी० के कनेक्शन देने का काम एक सतत चलने वाली प्रक्रिया है अतः प्राप्त होने वाली शिकायतों को उच्च प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाता है।

@Previously unstarred question 1609, transferred from the 23rd July, 1992.